दिनांक–19 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने आए वैश्विक नेताओं के साथ कीं द्विपक्षीय बैठकें। प्रमुख वैश्विक हस्तियों की मौजूदगी में आज समिट का औपचारिक उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री।
- विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान दोनों सदनों में हुई प्रदेश के आम बजट पर चर्चा। विधान सभा और विधान परिषद में विपक्ष ने अलग–अलग मुद्दों पर उठाए सवाल।
- यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं शुरू। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों की राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से हो रही है ऑनलाइन मॉनिटरिंग।
- प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर की मीडिया से बात। कहा– प्रदेश भर में तेरह हजार एक सौ इकसठ अधिकारी कर रहे हैं मतदाताओं की समस्याओं की सुनवाई।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल शाम भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने वाले वैश्विक नेताओं का स्वागत किया। उनका स्वागत भारतीय संगीत और नृत्य के साथ किया गया।

प्रधानमंत्री ने कल कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। ये नेता इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में हैं। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पेन के राष्ट्रपति पेद्रो सांचेज से भेंट की। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दोनों नेताओं ने भारतदृ स्पेन साझेदारी और प्रगाढ़ करने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि चर्चा के प्रमुख क्षेत्रों में व्यापार और अर्थव्यवस्था, डिजिटल नवाचार, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और शिक्षा शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने फिनलैंड के प्रधानमंत्री आंत्ति पेत्तरी ओरपो से भी बातचीत की। उन्होंने सतत विकास और डिजिटलीकरण, एआई अनुसंधान और नैतिक नवाचार में सहयोग पर चर्चा की। श्री मोदी ने शिखर सम्मेलन के दौरान सर्बिया के राष्ट्रपति आलेकसान्दर वूचिच से बातचीत में व्यापार और निवेश, एआई, वित्तीय प्रौद्योगिकी, शिक्षा, कृषि और पर्यटन में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। श्री मोदी ने क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रे प्लेनकोविच के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की। प्रधानमंत्री ने एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस से भेंट की और दोनों देशों के बीच संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। श्री मोदी ने कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री ओल्झाज बेक्तेनोफ के साथ वार्ता की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। श्री मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री दाशो छेरिंग तोबगे के बीच हुई वार्ता में दोनों नेताओं ने ऊर्जा, सम्पर्क, विकास साझेदारी और लोगों के बीच आपसी संबंधों के क्षेत्र में हुई प्रगति की समीक्षा की। सुपर्णा और अनुपम की रिपोर्ट के साथ समाचार मुकेश कुमार।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन समारोह को फ्रांस के राष्ट्रपति, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव और दुनिया भर के विभिन्न शीर्ष उद्योगपति भी संबोधित करेंगे।

**********

विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान कल विधानसभा में प्रश्न प्रहर में विपक्ष ने बिजली और गन्ना किसानों से जुड़े मुद्दों पर सवाल किए। सपा सदस्य आशु मलिक ने ग्रामीण इलाकों को नगर निगम से जुड़ने के बाद आधारभूत सुविधाओं के लिए सरकार की नीति से संबंधित सवाल उठाए। जवाब में नगर विकास मंत्री ए.के शर्मा ने कहा कि सरकार ने इस संबंध में स्पष्ट नीति बनाई है और पर्याप्त बजट भी आवंटित किया गया है। विधानसभा में कल बजट पर भी चर्चा जारी रही। भाजपा विधायक पंकज चौधरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से प्रदेश में सकारात्मक बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि स्टेबिलिटी और सेफ्टी के कारण राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। वहीं, विधान परिषद में कल समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया कि निजीकरण के कारण युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं। सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि युवा शक्ति सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में आठ लाख 45 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्यों ने सदन से वॉक आउट किया।

**********

प्रदेश सरकार ने जिला स्तर पर पांडुलिपियों की पहचान और दस्तावेजीकरण करने तथा उन्हें वैश्विक मंच पर डिजिटल रूप में प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए हैं। यह पहल भारत के समृद्ध ज्ञान, परंपरा और बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय अभियान 'ज्ञान भारतम मिशन' के तहत हुई है। इसकी निगरानी के लिए प्रत्येक जिले के मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस अभियान का उद्देश्य इस अमूल्य विरासत को शोधकर्ताओं, छात्रों और आम जनता के लिए सुलभ बनाना है। उत्तर प्रदेश के लिए इस अभियान का विशेष महत्व है, क्योंकि राज्य को प्राचीन ज्ञान, दर्शन, साहित्य और संस्कृति का ऐतिहासिक केंद्र माना जाता है।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं कल से शुरू हो गईं। प्रदेश भर में आठ हजार से अधिक केंद्रों पर यह परीक्षाएं कराई जा रही हैं जिसमें तिरपन लाख से ज्यादा छात्र छात्राएं शामिल हो रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा

राज्य मंत्री गुलाब देवी ने बोर्ड परीक्षा के पहले दिन लखनऊ के जियामऊ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को टीका लगाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने की अपील की।

**बच्चों को यह संदेश देंगे कि बच्चों ने पूरी साल जो मेहनत की है, हमारे शिक्षकों ने जो मेहनत की है, हमारे बच्चे तनाव मुक्त होकर परीक्षा करेंगे। हमारे सारे शिक्षक तनाव मुक्त होकर परीक्षा में रहेंगे और हमारे सारे अधिकारी बहुत ही लगन और उत्साह के साथ में इन परीक्षाओं में लगे हुए हैं। और बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। किसी प्रकार की कहीं कोई परेशानी बच्चों को नहीं होगी और ना कोई नकल की संभावना है। नकल की संभावना तो माननीय योगी जी की सरकार में है ही नहीं।**

यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षाएं कराई जा रही हैं। सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी राज्य स्तरीय हाईटेक कंट्रोल रूम से लाइव ऑनलाइन मॉनिटरिंग और वेबकास्टिंग के जरिए की जा रही है। श्री सिंह ने बताया कि परीक्षा में गड़बड़ी या नकल करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कारवाई की जाएगी।

**यदि कोई इसमें बाहरी तत्व है, असामाजिक तत्व है जो अफवाह फैलाता है या नकल कराने में योगदान देता है तो उनकी एफआईआर कराई जाएगी जो अनुचित साधन निवारण अधिनियम 2024 है, उसमें प्रावधान है कि यह संघीय अपराध है, उनको 7 साल की जेल हो सकती है और साथ ही साथ लगभग 50 का जुर्माना हो सकता है।**

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कल लखनऊ में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान को लेकर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में प्रदेश भर में तेरह हजार एक सौ इकसठ अधिकारी मतदाताओं की समस्याओं की सुनवाई कर रहे हैं। अगले माह सत्ताइस मार्च तक सुनवाई पूरी कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि छह जनवरी से सत्रह फरवरी दो हजार छब्बीस तक चौवन लाख चौवालीस हजार से अधिक फॉर्म–6 आए हैं।

**1 करोड़ 4 लाख ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने पिछले एसआईआर में वोटर लिस्ट से जो मिलान कराना था वह खाना बिल्कुल खाली छोड़ दिया था। तो मैपिंग नहीं करा इसी मिलान नहीं करा। 2 करोड़ 22 लाख लोग ऐसे हैं जिन्होंने मिलान तो करवाया था बट उसमें कोई तारीख की कोई संगृति नहीं, गमियां नहीं जिसकी वजह से उनको भी नोटिस गया। 1 करोड़ 85 लाख नोटिसेस मतदाता को हमने दे दिए हैं और 1 करोड़ 15 लाख हमारी सुनवाईयां भी पूरी हो गई।**

**********

कल रमजान का चांद दिखने के बाद पूरे देश में तरावीह की विशेष नमाज शुरू हो गई। मरकजी शिया चांद कमेटी ने रमजान का चांद दिखने की पुष्टि की। कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने बताया कि आज से रोजे रखने का सिलसिला शुरू हो रहा है।

**********

मथुरा जिले में कल देर रात हुए एक सड़क हादसे में एक ही कार सवार सभी चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब गोवर्धन से डीग की ओर जा रही कार नगला देविया बाइपास पर अनियंत्रित होकर पानी की टंकी से टकरा कर नाले में गिर गई। पुलिस ने कार में सवार सभी चार लोगों की मृत्यु की पुष्टि की है।

**********

प्रदेश में आगामी चौबीस फरवरी तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने अगले दो तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना व्यक्त की है।

**********